आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 05.09.2024

समय : 0705

<><><><><><><>

- आज शिक्षक दिवस है। द्वीपों के उप राज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी ने सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षक राष्ट्र के भविष्य निर्माता हैं।
- केंद्र ने ईपीएफओ पंजीकृत कर्मचारियों को किसी भी बैंक से अपनी पेंशन प्राप्त करने की सुविधा वाली केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली को दी मंजूरी।
- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में सतत पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए द्वीपसमूह के लिए एस्ट्रो टूरिज़्म पॉलिसी का मसौदा तैयार किया गया है।
- डिगलीपुर में आज से माप तौल उपकरणों की जांच और मुद्रण का कार्य किया जाएगा।
- राष्ट्रीय रोइंग चैम्पियनशिप के लिए सात तारीख को सीपीघाट स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण की जलक्रीड़ा परिसर में चयन ट्रायल का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

आज शिक्षक दिवस है। इस अवसर पर द्वीपों के उप राज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी ने द्वीपों के सभी शिक्षकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि हम महान शिक्षक भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं भारत रत्न से अलंकृत डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक राष्ट्र के भविष्य निर्माता हैं। ज्ञान, कौशल और प्रौद्योगिकी के माध्यम से विद्यार्थियों को इक्कीसवीं सदी की ज्ञान एवं तकनीक आधारित वैश्विक अर्थव्यवस्था तैयार करने में शिक्षकों की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि हमारे शिक्षक राष्ट्रीय शिक्षा नीति दो हजार बीस तथा राष्ट्रीय पाठ्यक्रम रूपरेखा दो हजार तेईस के निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए बच्चों में दक्षता एवं क्षमता विकसित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है, जिससे उन्हें राष्ट्र के प्रति जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

पूर्व सांसद कुलदीप राय शर्मा ने भी शिक्षकों को अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शिक्षक दिवस के अवसर पर आज नई दिल्ली में देश भर के बयासी शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित करेंगी। देश में हर साल पांच सितंबर को डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती को राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग ने इस वर्ष के राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए देशभर से पचास शिक्षकों का चयन किया है। इसके अलावा, उच्च शिक्षा विभाग तथा कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के सोलह–सोलह शिक्षकों को भी सम्मानित किया जाएगा।

<><><><><><><>

कर्मचारी भविष्य निधि योजना के तहत पेंशन पाने वाले लोग अब पहली जनवरी दो हजार पच्चीस से देश के किसी भी हिस्से में किसी भी बैंक में अपनी पेंशन प्राप्त कर सकेंगे। इससे अठहत्तर लाख से अधिक पेंशन भोगियों को लाभ होगा। केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने इसे कर्मचारी भविष्य निधि संगठन–ईपीएफओ की बडी उपलब्धि बताया है। उन्होंने कहा कि देश में किसी भी बैंक शाखा से पेंशन के वितरण से पेंशनभोगियों की लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान होगा। उन्होंने कहा कि ईपीएफओ को अधिक मजबूत, जवाबदेह और तकनीकी–सक्षम संगठन में बदलने के लिए किए जा रहे प्रयासों की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में सतत पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए द्वीपसमूह के लिए एस्ट्रो टूरिज़्म पॉलिसी का मसौदा तैयार किया गया है। इसके जरिए रणनीतिकारों और स्थानीय समुदाय को लाभ मिलेगा और द्वीपों की प्राकृतिक पर्यावरण का संरक्षण भी किया जा सकेगा। इसके अलावा ये मसौदा नीति सतत पर्यटन को बढ़ावा देगा। प्रदूषण को कम करने में सहायक होगा। प्राकृतिक सौंदर्य को बनाए रखने में मदद मिलेगी और आगंतुकों को सुखद अनुभव होगा। मसौदा नीति को सुझावों, प्रतिक्रिया के लिए सार्वजनिक डोमेन में डाला गया है। इस संबंध में सभी नागरिकों, पर्यटन हितधारकों और विभिन्न विभागों से सुझाव प्रतिक्रिया आमंत्रित की गई है। मसौदा नीति को सूचना, प्रचार और पर्यटन विभाग के आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। आज से पांच अक्तूबर के बीच सुझाव और प्रतिक्रिया भेजे जा सकते हैं।

<><><><><><><>

नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामलों विभाग की ओर से मापतौल उपकरणों की जांच और मुद्रण के कार्य के लिए मध्योत्तर अंडमान ज़िले के डिगलीपुर में आज से लेकर नौ सितम्बर तक शिविर आयोजित होगा। सभी दुकानदारों, ऑटो रिक्शा मालिकों और ड्राइवरों तथा संबंधित विभागों से इन शिविरों का लाभ उठाकर अपने मापतौल उपकरणों की जांच और मुद्रण कराने को कहा गया है।

<><><><><><><>

सरकार ने राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों से कहा है कि वे दस सितम्बर से पहले सभी चिकित्सा संस्थानों में डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए किये गये उपायों की रिपोर्ट भेजें। स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चन्द्र ने इस संबंध में सभी राज्यों के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों को पत्र लिखा है। उनसे कहा गया है कि वह प्रत्येक क्षेत्र और जिले में अधिक भीड़ वाले अस्पतालों की पहचान करें और वहां प्राथमिकता के आधार पर कार्यरत चिकित्सा कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

<><><><><><><>

अवैध खनन पर लगाम लगाने के अपने प्रयासों को जारी रखते हुए, दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन ने हाल ही में सीपीघाट गांव में एक औचक निरीक्षण कर एक ब्रेकर मशीन को मौके से जब्त किया। इस मशीन का उपयोग क्षेत्र में अवैध रूप से पत्थरों को निकालने के लिए किया जा रहा था। इसमें शामिल व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी गई है। आम जनता से अतिक्रमण, अवैध खनन या पर्यावरण उल्लंघन से संबंधित किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना अधिकारियों को देने के लिए कहा गया है। सूचना देने वालों के नाम गुप्त रखे जाएंगे।

<><><><><><><>

उद्योग विभाग की ओर से उद्यमियों को जरूरी सुविधाओं के साथ द्वीपों के विभिन्न भागों में औद्योगिक भूमि व भूखंड उपलब्ध कराने के लिए औद्योगिक एस्टेट की स्थापना की है। विभाग की ओर से अब तक डॉलीगंज, गाराचरमा, मीठाखाड़ी, हटबे, लिटिल अंडमान, बकुलतला और कैम्पबेल बे में औद्योगिक एस्टेट स्थापित किए गए हैं। इन सभी औद्योगिक एस्टेट के लोगो के लिए दिशा–निर्देश को उप–राज्यपाल द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है और उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए समिति भी बनाई गई है। ये समिति नियम और शर्तों के उल्लंघन के मामलों की जांच करेगी। दिशा–निर्देश वर्तमान के औद्योगिक इकाईयों पर ही लागू होगी।

उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ की जाने वाली कार्रवाई और उन पर लगाए जाने वाले जुर्माने से संबंधित दिशा–निर्देश का विवरण प्रशासन की राज्य पोर्टल से डाउनलोड किया जा सकता है।

<><><><><><><>

गोरखपुर में अगले महीने की बाईस से छब्बीस तारीख तक आयोजित होने वाले सब–जूनियर राष्ट्रीय रोइंग चैम्पियनशिप और पुणे में एक से छः दिसम्बर तक आयोजित होने वाले चवालीसवें जूनियर तथा सातवें अंतर राज्य चैलेंजर राष्ट्रीय रोइंग चैम्पियनशिप के लिए द्वीपसमूह से खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। इस महीने की सात तारीख को सुबह छः बजे से सीपीघाट स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण की जलक्रीड़ा परिसर में चयन ट्रायल का आयोजन होगा। इच्छुक खिलाड़ियों से अपने नाम कल तक रामाराव के पास दर्ज कराने को कहा गया है।

<><><><><><><>

मुख्यभूमि के विभिन्न संस्थानों में द्वीपसमूह के मलयाली मूल के विद्यार्थियों के लिए एम बी बी एस, बी डी एस और बी ए एम एस पाठ्यक्रमों में आरक्षित सीटों के आवंटन के लिए परामर्श रखा गया है। परामर्श बारह सितम्बर को सुबह दस बजे टैगोर कॉलेज के सभागार में लिया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवारों से अपने दस्तावेजों के साथ समय पर उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में इस महीने की चौदह तारीख को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। ज़िला विधि सेवा प्राधिकरण की ओर से आयोजित होने वाली लोक अदालत पोर्ट ब्लेयर के ज़िला न्यायालय परिसर, मायाबंदर के उप–संभागीय न्यायालय परिसर और डिगलीपुर के सर्किट कोर्ट में लगेगी। राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी समझौते के तहत मामलों का निपटारा किया जाएगा। आम जनता जिनके बिजली, पानी के बिल के अलावा श्रम विवाद, रख–रखाव से जुड़े मामले, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम विवाद या सार्वजनिक मामले विचाराधीन है, वे नौ सितम्बर तक लिखित में विवादों को ज़िला विधि सेवा प्राधिकरण के सचिव के पास जमा कर सकते हैं, ताकि चौदह सितम्बर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में सुनवाई के लिए इसे प्रस्तुत किया जा सके।

<><><><><><><>

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

ईपीएफ के पेंशनधारी अगले वर्ष एक जनवरी से अपना पेंशन देश के किसी भी भाग में किसी भी बैंक या शाखा से पेंशन प्राप्त कर पाएंगे–द डेली टेलीग्राम्स की बड़ी खबर है। राष्ट्रपति, उप राष्ट्रपति और प्रधानमत्री पेरिस पैरालिपिक्स में पदक जीतने वाले भारतीय खिलाड़ियो ंको बधाई दी–द्वीप समाचार की बड़ी खबर है। दक्षिण अण्डमान जिला प्रशासन की ओर से अवैध रूप से क्वारी चलाने वालों पर कार्रवाई करने के समाचार को अण्डमान क्रोनिकल ने प्रकाशित किया है। पीएम स्वनिधि प्रशंसा पुरस्कार समारोह में मुख्य सचिव ने सर्वश्रेष्ठ ऋणदाता संस्थानों को सम्मानित किया–इंफो इंडिया की खबर है, जबकि भारी वर्षा के कारण मध्योत्तर अण्डमान जिले के कई भागों में किसानों के फसले नष्ट होने और पशुधन का भी नुकसान होने के समाचार को द इको ऑफ इंडिया ने अपनी बड़ी खबर बनाया है।

**<><><><><><><>**